प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

सेवा में,

वरिष्ठ तकनीकी निदेशक
राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, योजना भवन,
लखनऊ।

पत्रांकः बे0शि0प0/1150-55 /2020-21 दिनांक - 26-05-2020

विषयः- 69000 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रकिया में ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 26.05.2020 रात्रि 12 बजे को दिनांक 28.05.2020 रात्रि 12 बजे तक बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सूच्य है कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों पर भर्ती हेतु शासनादेश संख्या-344/68-5-2020 दिनांक 13 मई, 2020 के कम में दिनांक 18.05.2020 से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 26.05.2020 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है।

संदर्भगत भर्ती प्रकिया में शासनादेश संख्या-391/68-5-2020 दिनांक 26.05.2020 द्वारा सम्यक विचारोपरान्त ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 26.05.2020 रात्रि 12 बजे तक के स्थान पर दिनांक 28.05.2020 रात्रि 12 बजे तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अनुरोध है कि कृपया शासनादेश दिनांक 26.05.2020 में दिये गये निर्देश के कम में यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-उक्तवत।

भवदीय

(विजय शंकर मिश्र)
सचिव(प्रभारी),
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

पृ0सं0/बे0शि0प0/1150-55 /2020-21 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- विशेष सचिव बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2- महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3- शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4- श्री हरिश गुप्ता, प्रबन्धक, यू0पी0 डेस्को, उ0प्र0 लखनऊ।
5- श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, मैनेजर, यू0पी0एस0डी0सी0, उ0प्र0 लखनऊ।

(विजय शंकर मिश्र)
सचिव(प्रभारी),
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

संख्या: 391/68-5-2020

प्रेषक,

आनन्द कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

1. शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उ0प्र0 लखनऊ।

2. सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद
उ0प्र0 प्रयागराज।

लखनऊ : दिनांक 26 मई, 2020

बेसिक शिक्षा अनुभाग-5

विषयः उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों पर भर्ती हेतु अंतिम तिथि में वृद्धि किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं0 344/68-5-2020 दिनांक 13.05.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया के संबंध में आदेश निर्गत करते हुये आनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 26.05.2020 (रात्रि 12.00 बजे तक) निर्धारित की गयी थी।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त आनलाइन आवेदन भरने की ***अंतिम तिथि 26.05.2020 (रात्रि 12.00 बजे तक) के स्थान पर दिनांक 28.05.2020 (रात्रि 12.00 बजे तक)*** बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। शासनादेश सं0 344/68-5-2020 दिनांक 13.05.2020 के शेष प्रावधान यथावत रहेगें।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय,

26.5.2020

(आनन्द कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव।